दिनांक: 16.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

खैरथल–तिजारा के टपूकड़ा में एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से आठ श्रमिकों की मौत हो गई। घटना औद्योगिक क्षेत्र खुशखेड़ा की गत्ता फैक्ट्री की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि फैक्ट्री में कुछ और मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अलसुबह एक फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ आग लगी, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। एडीएम सुमित्रा मिश्रा ने बताया कि सातों श्रमिकों के शव बाहर निकाल लिये गये हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में राष्ट्रीय संस्थागत नेतृत्व शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। दो दिन का ये सम्मेलन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रहा है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षामंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने शिक्षकों, युवाओं और विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं में इतना सामर्थ्य है कि वे विश्व को नेतृत्व प्रदान कर सकते हैं।

....

कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू, शिक्षाविद् और नीति निर्माता तथा विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। समारोह में भारतीय ज्ञान परम्परा, नई शिक्षा नीति 2020, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, भारतीय भाषााओं के संवर्धन, एआई और नवाचारों पर चर्चा की जाएगी।

....

राज्य विधानसभा की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। सदन में कृषि, उद्योग, शिक्षा और ऊर्जा विभाग से जुड़े सवाल उठाये जा रहे हैं। इसके साथ ही ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिये कोटा में तालाब संरक्षण, खैरथल–तिजारा में कथित अनियमितताओं, पेयजल संकट और खेल सुविधाओं संबंधी विषय रखे जाएंगे। बजट बहस पर आज चर्चा का तीसरा दिन है, जिस पर सरकार की ओर से उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी कल जवाब पेश करेंगी।

....

भारत ए.आई. इम्पैक्ट सम्मेलन–2026 नई दिल्ली में शुरू हो गया है। पांच दिन का यह सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित होने वाला पहला **वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन** है। यह सम्मेलन वैश्विक एआई कार्ययोजना में भारत की भूमिका को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। सम्मेलन में सौ से अधिक देशों प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शिखर सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। देश एआई के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। श्री मोदी ने कहा कि ये सम्मेलन देश के युवाओं की क्षमता को भी दर्शाता है।

....

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं कल से शुरू हो रही हैं। ये परीक्षाएं सुबह साढ़े दस बजे से एक पारी में आयोजित की जाएंगी। इसे देखते हुए बोर्ड ने एडवाइजरी जारी कर सभी विद्यार्थियों को निर्धारित समय से आधे घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचने के निर्देश दिये हैं। सीबीएसई के अजमेर बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि इस साल की बोर्ड परीक्षाओं में 46 लाख से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे।

....